प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
07.10.2023/प्रादेशिक समाचार बुलेटिन/9:20बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शिमला के समीप शोघी में आज विज्ञान अध्ययन एवं सृजन केंद्र का उद्घाटन करेंगे। हिमाचल प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद– हिम कॉस्ट के संयुक्त सदस्य सचिव सतपाल धीमान ने ये जानकारी देते हुए बताया कि इस केंद्र को बनाने का मुख्य उदेश्य स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों में विज्ञान के प्रति रूची बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि केंद्र में विभिन्न प्रकार के क्रियाशील मॉडल व विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसके माध्यम से बच्चे आसानी से विज्ञान के सिद्धांत को सरल रूप से सीख सकेंगे। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह व मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना मुख्यमंत्री के साथ इस अवसर पर विशेषरूप से मौजूद रहेंगे।

क्रिकेट मैच

एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में आज पहला मुकाबला खेला जाएगा जिसमें बांग्लादेश और अफगानिस्तान की टीमें आमने–सामने होंगी। दोनों टीमें जीत के साथ इस विश्व कप का आगाज करने के लिए मैदान में उतरेंगी। मैच सुबह साढ़े दस बजे शुरू होगा। धर्मशाला स्टेडियम में बीस हजार 4 सौ दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है। स्टेडियम में सुरक्षा का जिम्मा संभालने के लिए 15 सौ पुलिस व होमगार्ड के जवानों की तैनाती की गई है। उल्लेखनीय है कि धर्मशाला स्टेडियम को पहली बार विश्व कप के 5 मैचों की मेजबानी मिली है। बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच अब तक 15 एक दिवसीय मुकाबले खेले गए हैं। जिसमें अफगानिस्तान ने 6 और बांग्लादेश ने 9 मुकाबलों में जीत दर्ज की है। बांग्लादेश टीम के मुख्य कोच चंडिका हतरूसिंघा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि टीम का पहला लक्ष्य सेमीफाइनल में पहुंचने का है। वहीं अफगानिस्तान टीम के कैप्टन हसमतुल्ला शाहीदी ने कहा कि उन्होंने बांग्लादेश के साथ बहुत अधिक मैच खेले है और उनकी टीम ने विश्वकप के लिए बहुत मेहनत की है।

मौद्रिक नीति

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने द्विमासिक समीक्षा में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। कल मौद्रिक समिति की बैठक के बाद रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि समिति ने सर्वसम्मति से रेपो दर को छह दशमलव पांच प्रतिशत पर यथावत रखा है। बयान के अनुसार 2023–24 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर छह दशमलव पांच प्रतिशत रहने का अनुमान है।

भेंट

प्रदेश में कॉलेज कैडर में सहायक प्रोफेसर पद पर नियुक्त दिव्यांग मुस्कान और प्रतिभा ठाकुर ने कल राजभवन शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। विशेष रूप से सक्षम मुस्कान और प्रतिभा ठाकुर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में संगीत और राजनीति विज्ञान की अध्येता हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश की यह होनहार बेटियां सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में अनेक संघर्षों और चुनौतियों के बावजूद उन्होंने पीएचडी की उपाधि हासिल की और सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्त हुईं।

रक्तदान शिविर

सोलन जिला भाजपा मंडल द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा के उद्देश्य से क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में कल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में लगभग 50 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। खादी ग्रामोद्योग के पूर्व उपाध्यक्ष पुरूषोतम गुलेरिया ने बताया कि मुख्य उद्देश्य पीड़ित मानवता की सेवा करना है।

बाकी समाचारों में अब सुर्खियां समाचार पत्रों से

एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप के धर्मशाला में आज हो रहे बांग्लादेश– अफगानिस्तान क्रिकेट मैच से जुड़ी ख़बर को आज सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला का शीर्षक है–धर्मशाला में आज पहली बार होगा–विश्वकप का मैच–एच.पी.सी.ए. में बांग्लादेश से भिड़ेगी अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम। पंजाब केसरी की सुर्खी है–धर्मशाला में आज से क्रिकेट का धूम–धड़ाका। दैनिक जागरण का कहना है–धर्मशाला स्टेडियम आज रचेगा इतिहास। दिव्य हिमाचल लिखता है–आज जश्न–ए–क्रिकेट में डूबेगा धर्मशाला। दैनिक भास्कर का कहना है–धर्मशाला स्टेडियम में आज से रन वर्षा, तेज़ विकेट पर भिड़ेंगे अफगानिस्तान और बांग्लादेश के धुरंधर।

हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को सुर्खी दी है–नया निवेश आकर्षित करने को सरकार गंभीर।

पंजाब केसरी ने हाईकोर्ट के हवाले से सुर्खी दी है–तकनीकी सहायकों को न्यूनतम वेतनमान व नीति के तहत नियमितीकरण करें। दैनिक सवेरा टाइम्स लिखता है–हिमाचल के कॉलेजों में बुनियादी शिक्षा सुविधाओं का ब्योरा दे सरकार।

अमर उजाला की एक अन्य सुर्खी है– रेफर मरीज से पहले एम्स बिलासपुर में ड्रोन से पहुंचेगा उसका ब्लड सैंपल–

दैनिक भास्कर की एक अन्य ख़बर है–प्रदेश में जल्द भरे जांएगे, 150 नए आयुर्वेद डॉक्टर्स, 6 जिलों को मिलेगी प्राथमिकता।

मौसम पर दैनिक भास्कर ने सुर्खी दी है–9 व 10 अक्तूबर को चोटियों में बर्फबारी और बारिश का अलर्ट। आपका फैसला लिखता है–हिमाचल से विदा हुआ दक्षिण–पश्चिम मॉनसून–इस साल प्रदेश में सामान्य से 21 फीसदी अधिक बरसे बादल।

प्राकृतिक आपदा से निपटने व बचाव के लिए हुई दो दिवसीय कार्यशाला पर दैनिक जागरण की एक खबर है–परंपरागत भवन सुरक्षा की दृष्टि से बेहतर।

————————